⑤

महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर

एम. एस. जे. कालेज परिसर, भरतपुर - 321001

Ph. & Fax No. 05644-220560, Email -brijuniversitybtp@gmail.com

Website – www.msbrijuniversity.ac.in

क्रमांक :– प.3(11)/मसूबृवि/अकाद/2017/ 2010 दिनांक :– 09/10/2017

सम्बद्धता–नियमों में संशोधन

प्रबन्ध मण्डल की बैठक 17/02/2017 के बिन्दु संख्या 06 तथा प्रबन्ध मण्डल की बैठक 19.06.2017 के बिन्दु संख्या 07, निरीक्षण मण्डल की बैठक 30.08.2016 के बिन्दु संख्या 04 तथा वित्त समिति की बैठक दिनांक 24.01.2017 बिन्दु संख्या 04 में हुए निर्णयों के आधार पर अकादमिक शाखा अधिसूचना प.3(11)/मसूबृवि/अकाद/2015/1678–83, दिनांक 16.09.2015 में **"सम्बद्धता राशि की वापसी प्रक्रिया"** का नवीन बिन्दु सं. 9 जोडा जाता है।

9. सम्बद्धता राशि की वापसी –

9.1 सम्बद्धता निरीक्षण से पूर्व राशि वापसी करने के सम्बन्ध में – सम्बद्धता राशि की 25 प्रतिशत राशि काटकर शेष राशि वापिस की जायेगी एवं सम्बद्धता निरीक्षण शुल्क –10000/– (दस हजार रूपये) एवं आवेदन शुल्क 1000/– (एक हजार रूपये) वापिस नहीं किया जायेगा।

9.2 सम्बद्धता निरीक्षण के पश्चात राशि वापसी करने के सम्बन्ध में – विश्वविद्यालय द्वारा निरीक्षण किये जाने के पश्चात या विश्वविद्यालय द्वारा मनोनीत निरीक्षण दल के महाविद्यालय में पहुंचने पर संस्था द्वारा किसी भी परिस्थिति में निरीक्षण नहीं कराने की स्थिति में सम्बद्धता शुल्क, निरीक्षण शुल्क एवं आवेदन शुल्क सहित कोई भी राशि वापिस नहीं की जायेगी।

9.3 राज्य सरकार द्वारा अनापत्ति प्रमाण–पत्र जारी न करने के सम्बन्ध में – राज्य सरकार अनापत्ति प्रमाण–पत्र जारी न करने पर सम्बद्धता शुल्क वापिस लेने वाले नवीन महाविद्यालय को आवेदन शुल्क 1000/– (एक हजार रूपये) काटकर शेष राशि वापिस की जायेगी।

✓ cc to Aff Bharatpur

कुलसचिव